मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 141 ■ मंगलवार, 19 अगस्त 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

कृति ने पाली हिल में खरीदा 78 करोड़ का पेंटहाउस

# अंबरनाथ नपा चुनाव का बिगुल बजा

## अंबरनाथ नगर पालिका चुनाव के लिए प्रभाग रचना की घोषणा

## 28 प्रभाग द्विसदस्यीय, एक प्रभाग त्रिसदस्यीय

**2,52,400** कुल मतदाता

**29** कुल प्रभाग

**59** कुल नगरसेवक





▸▸ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव का बिगुल बज चुका है. सोमवार को मुख्याधिकारी प्रशासक उमाकांत गायकवाड़ ने प्रभाग रचना की घोषणा की. प्रभाग रचना के अनुसार अंबरनाथ नगर पालिका में 29 प्रबाग में 59 नगरसेवक होंगे। शहर की कुल जनसंख्या 2 लाख 53 हजार 400 है. 28 प्रभाग में 2 वार्ड और एक प्रभाग में 3 वार्ड होंगे। प्रभाग क्र. 4 शिवलिंग नगर, खामकर वाड़ी में 3 वार्ड होंगे।

प्रभाग क्र. 1 जावसाई गांव, फुले नगर, पनवेलकर कैम्पस, प्रभाग क्र. 2 कोहोजगांव, कमलाकर नगर, काथोड़ पाड़ा, प्रभाग क्र. 3 चिंचपाड़ा, नारायण नगर, नवरे पार्क, प्रभाग क्र. 4 में तीन प्रभाग हैं. खामकर वाड़ी, शिवलिंग नगर, प्रभाग क्र. 5 बुवापाड़ा, सर्वोदय नगर, प्रभाग क्र. 6 भास्कर नगर, खुंटवली वरचा पाड़ा, प्रभाग क्र. 7 खुंटवली गावठण, मेठल नगर, प्रभाग क्र. 8 बालाजी नगर, खुंटवली पाड़ा परिसर, प्रभाग क्र. 9 महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड, न्यू कालोनी, पनवेलकर गार्डन, प्रभाग क्र. 10 वांद्रा पाडा, शास्त्री नगर, प्रभाग क्र. 11 कैलाश नगर, सिद्धार्थ नगर, आर्डनेंस, प्रभाग क्र. 12 जूना भेंडी पाड़ा, वडोल गांव, प्रभाग क्र. 13 स्वामी नगर, शिवनगर, स्टेशन परिसर (पश्चिम), प्रभाग क्र. 14 नया भेंडी पाड़ा, घाडगे नगर, प्रभाग क्र. 15 मोरीवली गांव, न्यू कालोनी, नेताजी मार्केट, प्रभाग क्र. 16 नवरे नगर, निसर्ग ग्रीन, प्रभाग क्र. 17 आंबेडकर नगर, गोविंद नगर, प्रभाग क्र. 18 वडवली, डीडी स्कीम नं. 15, दत्त कुटीर, प्रभाग क्र. 19 स्टेशन परिसर पूर्व, साई सेक्शन, खेर सेक्शन, प्रभाग क्र. 20 साई सेक्शन, मोहन पुरम, प्रभाग क्र. 21 कानसाई गांव, कानसई सेक्शन, प्रभाग क्र.22, शिवगंगा नगर, बारकूचा पाड़ा, प्रभाग क्र. 23 शिवाजी नगर, मारुति मंदिर, गोडवोले बाग, प्रभाग क्र. 24 वडवली सेक्शन, कृष्ण नगर (प.),प्रभाग क्र. 25 कैलाश नगर, शिवाजी परिसर, प्रभाग क्र. 26 महालक्ष्मी नगर, संतोषी माता नगर, प्रभाग क्र. 27 रॉयल पार्क, लोकनगरी, प्रभाग क्र. 28 पालेगांव, प्रकाश नगर, फासेपारधी बस्ती और प्रभाग क्र. 29 पालेगांव दक्षिण, जांभिवली, चिखलोली, मोरीवली पाड़ा।

### आक्षेप लेने की आखिरी तारीख 31 अगस्त

- प्रभाग रचना की कॉपी अंबरनाथ नगर परिषद कार्यालय में लगा दी गई है. जिसे देखने के लिए इच्छुकों की भीड़ लग गई है.
- कुछ पूर्व नगरसेवक प्रभाग रचना वार्ड को लेकर नाराज दिखाई दिए. प्रभाग रचना पर बड़े पैमाने पर आब्जेक्शन लिए जाने के आसार दिखाई दे रहे हैं. प्रभाग रचना का नक्शा भी नपा में लगाया गया है.
- प्रभाग रचना पर आक्षेप (आब्जेक्शन) 18 अगस्त से 31 अगस्त तक लिए जा सकते हैं. 1 सितंबर से 8 सितंबर 2025 तक प्राप्त आब्जेक्शन पर सुनवाई होगी।

# ठाणे जिले में रेड अलर्ट

- भारी बारिश की आशंका
- नागरिकों से सतर्क रहने की अपील



**ठाणे.** मौसम विभाग ने ठाणे जिले में 18 और 19 अगस्त के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और भारी बारिश की आशंका है। 20 अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसलिए प्रशासन ने जिले के नागरिकों से विशेष रूप से सतर्क रहने की अपील की है। इसके चलते नागरिकों से अपील की गई है कि वे ज़रूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलें।

ठाणे में पिछले दो दिनों से बारिश का ज़ोर बढ़ गया है, जिससे कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव, ट्रैफ़िक जाम और कुछ जगहों पर घरों में पानी घुसने जैसी समस्याएँ पैदा हो रही हैं। मौसम विभाग ने 18 अगस्त को ठाणे में पूरे दिन भारी बारिश होने की संभावना जताई थी. मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार, 19 अगस्त को भी बारिश का ज़ोर जारी रहेगा और नदियों का जलस्तर बढ़ने की संभावना है। इसके चलते प्रशासन के माध्यम से नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# ठाणे जिले के स्कूलों में मंगलवार को छुट्टी घोषित

**ठाणे.** ठाणे शहर में रविवार से जारी बारिश सोमवार दोपहर को और तेज़ हो गई। इस बीच, मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया और इसके बाद मुंबई के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। हालाँकि, ठाणे शहर में छुट्टी का कोई फैसला नहीं लिया गया। ज़िला प्रशासन ने शाम 4 बजे के बाद स्कूलों की छुट्टियों की घोषणा की थी, लेकिन तब तक स्कूलों की छुट्टी हो चुकी थी। चूँकि मंगलवार को भी रेड अलर्ट था, इसलिए ज़िला प्रशासन ने मंगलवार को भी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है।

मुंबई, ठाणे और आसपास के शहरों में पिछले दो दिनों से बारिश हो रही है। रविवार को पूरे दिन बारिश हुई। सोमवार को भी शहर में बारिश हुई। सुबह 10 बजे के बाद बारिश की तीव्रता बढ़ने लगी। मुंबई और ठाणे के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। भारी बारिश के मद्देनजर मुंबई शहर के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। हालाँकि, ठाणे शहर के स्कूल खुले रहे। बारिश की तीव्रता को देखते हुए, कुछ स्कूलों ने जिला प्रशासन के आदेश का इंतज़ार किए बिना, छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, दोपहर के सत्र में बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी। हालांकि कुछ स्कूलों ने छुट्टी घोषित कर दी थी, लेकिन कई स्कूल प्रशासन जिला प्रशासन के आदेश का इंतज़ार कर रहे थे। लेकिन चूँकि मुंबई में रेड अलर्ट के कारण छुट्टी घोषित की गई थी, इसलिए अभिभावकों को उम्मीद थी कि ठाणे में भी छुट्टी हो जाएगी और वे भी स्कूल प्रशासन के फैसले का इंतज़ार कर रहे थे। आखिरकार, अभिभावक दोपहर के सत्र के बच्चों को स्कूल छोड़कर आए. स्कूल की छुट्टी होने में दो घंटे बाकी थे, तभी जिला प्रशासन ने छुट्टी की घोषणा कर दी।

# उल्हासनगर में पहली बार 'सखी निवास'



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र के कोने-कोने से रोज़गार, शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए उल्हासनगर आने वाली महिलाओं को अब आवास की चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। सहेली संस्था ने उल्हासनगर में पहली बार 'सखी निवास' नाम से सरकार द्वारा अनुमोदित महिला छात्रावास शुरू किया है, जिसका उद्घाटन पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने स्वतंत्रता दिवस पर किया।

सहेली संस्था ने रोज़गार, नौकरी और प्रशिक्षण के लिए दूर-दूर से शहर आने वाली महिलाओं को सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए एक अभिनव पहल 'सखी निवास' शुरू की है। उल्हासनगर में पहली बार संचालित हो रहा यह छात्रावास राज्य और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है, और महिलाओं की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन स्तर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

यह छात्रावास उल्हासनगर कैंप क्रमांक 4 में राष्ट्रीय विद्यालय के पास धनंजय सायली सदन भवन में शुरू किया गया है, और इसकी कुल आवास क्षमता 60 महिलाओं की है। यह स्पष्ट है कि इस पहल को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है क्योंकि पहले दिन सात महिलाओं ने इसमें प्रवेश लिया।

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली, हिललाइन पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप शिवले, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष रानी बैसाने, सहेली संस्था के जयप्रकाश बैसाने और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने सहेली संस्था की 'सखी निवास' पहल की सराहना की।

# अंबरनाथ में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त





- बारबी डैम में सोमवार शाम तक 100.42% पानी
- ओवरफ्लो जारी

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** सोमवार सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण अंबरनाथ शहरवासियों का जनजीवन अस्तव्यस्त होकर रह गया है. ऐतिहासिक शिवमंदिर के पास से बहनेवाली वालधुनी नदी ने उग्र रूप धारण कर लिया था. ये नदी पूरी तरह से भरकर बह रही थी. श्रावण मास का चौथा सोमवार होने के कारण सुबह से ही शिवमंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई. शहर पश्चिम में स्वामी नगर, शास्त्री नगर से बहनेवाला शहर का मुख्य नाला पूरी तरह से भरकर बह रहा था. इस नाले के आसपास सैकड़ों झोपड़ियां हैं. शाम में बारिश का जोर कम हो गया था. कहीं से भी पानी भरने की खबर प्राप्त नहीं हुई है. केबी मुख्य महामार्ग पर विमको नाका के पास सड़क पर नाले का पानी आने से यातायात में परेशानी हुई है. बारवी डैम भी पूरी तरह भरकर ओवरफ्लो हो गया है. बारवी नदी के आसपास के गांव को सतर्कता का इशारा दिया गया है. प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है.

बदलापुर से बहने वाली उल्हास नदी भी पूरी तरह भरकर बह रही है. अभियंता सुनिल वलवी हर दो घंटे में पत्रकारों को बारवी डैम की स्थिति से अवगत करा रहे हैं. सोमवार शाम 6 बजे तक उनके द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार डैम का ओवरफ्लो लेवल 72.60 मीटर है. डैम में पानी 72.68 मीटर यानी 100.42 प्रतिशत पानी है. सोमवार तक 31.19 सीयूएम पर सेकंड पानी ओवरफ्लो डिस्चार्ज हो रहा है.

### उल्हास नदी का जलस्तर बढ़ा

मौसम विभाग ने मुंबई, रायगढ़ और ठाणे जिलों के लिए 48 घंटों के लिए रेड अलर्ट घोषित किया है, और रायगढ़ जिले में भारी बारिश के कारण उल्हास नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बदलापुर में बारिश की तीव्रता ज़्यादा नहीं है, लेकिन उल्हास नदी के उद्गम स्थल रायगढ़ ज़िले में भारी बारिश हो रही है। परिणामस्वरूप, बदलापुर से होकर बहने वाली उल्हास नदी का जलस्तर काफ़ी बढ़ रहा है। नदी किनारे बने चौपाटी की सीढ़ियाँ पानी में डूब गई हैं और अगर अगले 24 घंटों तक बारिश जारी रही तो उल्हास नदी के ख़तरे के निशान तक पहुँचने की आशंका है। इस बीच, स्थानीय प्रशासन ने जानकारी दी है कि अगले ख़तरे को भांपते हुए स्थानीय प्रशासन नदी के पानी का रिकॉर्ड इकट्ठा कर रहा है।

# शासकीय प्रसूति गृह के डॉक्टरों ने जटिल आपरेशन कर गर्भवती महिला की बचाई जान

- माँ समेत दोनों बच्चे की हालत फिलहाल स्थिर
- पेट में था ट्यूमर
- डॉक्टरों की हो रही सराहना



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4 स्थित शासकीय प्रसूति गृह के डॉक्टरों ने बेहद मुश्किल हालात में माँ और बच्चे की जान बचाकर शानदार काम किया है। दो बच्चों की जान बचाने के लिए डॉक्टरों के त्वरित निर्णय और कुशल सर्जरी की चिकित्सा जगत में सराहना हो रही है। शनिवार को एक गर्भवती महिला को पेट में तेज़ दर्द और उल्टी होने पर उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोनोग्राफी में पता चला कि उसके अंडाशय में ट्यूमर है। हालाँकि, स्थिति थोड़ी उलझन भरी थी क्योंकि महिला को यह ट्यूमर कुछ समय से था और बाकी सभी रिपोर्ट सामान्य थीं।

इस बीच, अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशिकांत दोडे के मार्गदर्शन में सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद, डॉ. कासम दलवई ने डॉ. सुनीता जगताप, एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉ. राशित सिंह और भाई रवि व रेखा वाघ की मदद से ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले, बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फिर, अंडाशय की जाँच करने पर पता चला कि ट्यूमर और गैंग्रीन के आसपास तीन निशान थे।

बिना एक पल की देरी किए, डॉक्टरों ने ट्यूमर और गैंग्रीन को हटाकर माँ की जान बचाई। हालांकि मेडिकल रिपोर्ट सामान्य थी, फिर भी डॉक्टरों ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नतीजतन, आज माँ और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। माँ और बच्चे की हालत फिलहाल स्थिर है और परिवार ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया है।

## कल्याण-डोंबिवली के कई इलाकों में भरा पानी

**कल्याण.** कल्याण में रविवार रात से ही भारी बारिश शुरू हो गई थी। सोमवार पूरे दिन कल्याण शहर में बारिश होती रही। खासकर श्रावण मास में, मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

कल्याण के निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। रेल सेवाएं एक घंटे देरी से चलीं। भारी बारिश के कारण कल्याण रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पुलिस स्टेशन में पानी जमा हो गया। इस वजह से रेलवे पुलिस को इस जमा पानी से निपटना पड़ा। इतना ही नहीं, बारिश का पानी पुलिस स्टेशन के लॉकर रूम में भी घुस गया। कल्याण पश्चिम के दुर्गाडी चौक पर एक दोपहिया वाहन सवार गड्ढे में गिर गया। इससे उसका सामान क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्गाडी के पास उर्दू स्कूल के सामने सड़क पर भी गड्ढे हो गए, वहीं स्कूल के छात्रों और वाहन चालकों को बारिश के कारण इन गड्ढों का दर्द सहना पड़ा।

# अंबरनाथ छाया अस्पताल के वार्ड में घूम रहे कुत्ते

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ से शासकीय छाया अस्पताल के महिला वार्ड में एक आवारा कुत्ते को आजादी से वार्ड में घूमते हुए देखा गया. यहां पर मरीज उपचार के लिए आते हैं. इस आवारा कुत्ते को खुजलाते हुए देखने के बाद ये प्रश्न उठाया जा रहा है कि क्या कुत्ते के कारण वार्ड में कीटाणू फैले नहीं होंगे। क्या मरीज अच्छे होकर घर जाएंगे। जब इस संवाददाता ने छाया अस्पताल में जाकर देखा तो ये कुत्ता अस्पताल के बाहर भी घूमता हुआ दिखाई दिया। छाया अस्पताल की पहली मंजिल पर महिला वार्ड में ये आवारा कुत्ता खिड़की पर रखे सामान पर चढ़ा फिर उतर कर एक महिला मरीज के बेड के पास खुजलाते हुए आगे बढ़ा। इस कुत्ते को देखकर मरीज से मिलने आई एक लड़की घबरा गई कि कहीं ये कुत्ता उसे काट ना ले. अस्पताल के वार्ड में तैनात वार्ड ब्वाय, नर्स, कर्मचारी, डाक्टरों ने कुत्ते को वार्ड से बाहर भगाने की कोशिश तक नहीं की. इस संबंध में जब हम अस्पताल की प्रभारी अधीक्षक डॉ. शिवांगी वडेकर से पूछने के लिए उनके कार्यालय में गए तो हमें बताया गया कि वह ठाणे एक मीटिंग में गई हुई हैं. कै. डॉ. बी. जी. छाया अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज उपचार हेतु आते हैं. आज १० महिने से इस शासकीय अस्पताल के लिए स्थाई अधीक्षक नियुक्त नहीं किया गया है. अस्पताल के वार्ड में घूमते हुए कुत्ते का वीडियो शहर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

# कूड़ेदान में पड़ी मिली नवजात बच्ची

- रोने की आवाज सुनकर गांववालों ने बचाई जान



**कल्याण.** कल्याण के बारावे गांव इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक दिन के नवजात बच्ची कूड़ेदान में बोरे में लिपटी पाई गई. दरअसल, कूड़ा फेंकने गए ग्रामीणों ने अचानक रोने की आवाज सुनी तो कूड़े में टटोलने लगे. बच्ची पर नजर पड़ते ही वह उसे बचाने दौड़ पड़े. आनन फानन में कल्याण के रुक्मिणीबाई अस्पताल में बच्ची को इलाज के लिए भर्ती कराया गया. अब बच्ची स्वस्थ और सुरक्षित है.

बच्ची को पाते ही ग्रामीणों ने तुरंत खड़कपाड़ा पुलिस को सूचना दी. पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बच्ची को कल्याण के रुक्मिणीबाई अस्पताल में भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर है. प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बच्ची का जन्म एक दिन पहले ही हुआ है. साथ ही उसको इसलिए फेंका गया क्योंकि वह लड़की थी.

### माता-पिता का पता लगा रही पुलिस

खड़कपाड़ा पुलिस ने तीन विशेष टीमें बनाकर इस क्रूर कृत्य के पीछे माता-पिता का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है. बच्ची के माता-पिता की तलाश में पुलिस ने विशेष तीन टीमें तैयार की हैं.

बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं है जब किसी नवजात को बेटी के रूप में पैदा होने की सजा मिली हो, बल्कि आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं जहां किसी मासूम को अपनों ने ही छोड़ दिया और गैरों ने सहारा दिया.

# आसनगांव रेलवे पुलिस स्टेशन का उद्घाटन

**कल्याण.** मध्य रेलवे की कसारा लाइन पर आसनगांव को नए पुलिस स्टेशन के रूप में प्रस्तावित किया गया था। आखिरकार, कसारा लाइन पर आसनगांव रेलवे पुलिस स्टेशन शुरू हो जाएगा।

रेलवे पुलिस स्टेशनों का क्षेत्र मध्य और हार्बर लाइनों पर मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से पनवेल, कर्जत, कसारा तक और पश्चिमी रेलवे लाइन पर चर्चगेट से दहानू रोड तक है। इस क्षेत्र में कुल 100 से अधिक रेलवे स्टेशन हैं। इनमें से केवल 17 स्टेशनों पर ही पुलिस स्टेशन हैं। इन सभी जगहों पर हर महीने औसतन नौ सौ से एक हजार अपराध दर्ज होते हैं।

मध्य रेलवे के आसनगांव से कसारा सेक्शन तक प्रतिदिन लाखों यात्री यात्रा करते हैं। दुर्घटना होने या मोबाइल चोरी होने पर भी, यहाँ यात्रियों को शिकायत दर्ज कराने के लिए कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन पहुँचना पड़ता है। कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में कल्याण से कसारा और बदलापुर, अंबरनाथ, उल्हासनगर, विट्ठलवाड़ी तक कुल 14 रेलवे स्टेशन आते हैं। इस कारण कर्मचारियों और अधिकारियों को अपराध सुलझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पुलिस थानों पर इस बोझ को कम करने के लिए, गृह विभाग ने आसनगांव, अंबरनाथ, भायंदर और एलटीटी नामक चार नए पुलिस थानों की मंजूरी के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था। इसे मंजूरी मिल गई।

# गड्ढे ने ले ली युवक की जान

- शिलफाटा रोड पर गड्ढे बन रहे जानलेवा



**कल्याण.** ट्रैफिक जाम के लिए चर्चा में रहने वाले कल्याण शिल रोड के पिंपलेश्वर होटल इलाके में कल्याण के एक युवक की बाइक एक गड्ढे में जा गिरी। जैसे ही युवक बाइक से गिरा, पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक का नवी मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। 21 दिनों से जिंदगी और मौत से जूझ रहे युवक की शुक्रवार को मौत हो गई।

इस युवक की मौत ने कल्याण शिल रोड पर ट्रैफिक जाम और गड्ढों के मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है। मृतक युवक का नाम रोहन राजेंद्र शिंगारे (28) है। वह अपने परिवार के साथ कल्याण पश्चिम के रामबाग इलाके में रहता था। रोहन वरिष्ठ शिवसैनिक राजेंद्र शिंगारे का इकलौता बेटा था।

कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका की पूर्व महापौर वैजयंती गूजर-घोलप ने मीडिया को बताया कि रोहन शिंगारे नवी मुंबई के वाशी में कार्यरत थे। हर दिन, वह कल्याण शील रोड पर एक दोपहिया वाहन पर अपने कार्यस्थल पर जाता था। पिछले महीने 23 जुलाई को, रोहन सुबह अपने दोपहिया वाहन पर वाशी में काम के लिए निकला था। उनका दोपहिया वाहन डोंबिवली एमआईडीसी के पास गैलेक्सी होटल से शील रोड पर पिंपलेश्वर होटल क्षेत्र में आया था। उस समय, सड़क पर पानी से भरे गड्ढे की उम्मीद नहीं करने के कारण, रोहन का दोपहिया वाहन तेज गति से गड्ढे में जा टकराया और वह दोपहिया वाहन सहित सड़क पर गिर गया। तेज गति से पीछे से आ रहा एक ट्रक रोहन के बाएं हाथ से गुजरा। उसका हाथ ट्रक के पहिये के पास हुक में फंस गया, जिससे वह ट्रक के साथ कुछ दूर तक घिसटता चला गया। अन्य यात्रियों और पैदल यात्रियों के चिल्लाने के बाद, ट्रक चालक आगे जाकर रुक गया.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मतों की गिनती को लेकर संदेह

पिछले काफी समय से देश में स्वतंत्र, स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव के लिए लगातार आवाज उठाई जाती रही है। खासतौर पर ईवीएम के जरिए मतदान और मतों की गिनती को लेकर कई बार संदेह जाहिर किए गए। ऐसे आरोप सामने आए कि इसमें तकनीकी गड़बड़ी के जरिए या मतगणना में हेरफेर करके नतीजे प्रभावित किए जाते हैं। विडंबना यह है कि जब भी इस तरह के सवाल उठाए जाते हैं, तो आमतौर पर उन्हें निराधार मान कर खारिज कर दिया जाता है।

दलील यह होती है कि जो उम्मीदवार हारता है, केवल उसे ही शिकायत होती है। जरूरी नहीं कि ऐसे सभी आरोप सही साबित हों। मगर इसी बीच अगर कहीं से मतगणना और नतीजों में हेरफेर की कोई शिकायत हर स्तर की जांच-पड़ताल के बाद अंतिम तौर पर सही पाई जाए, तो ऐसे में समूची प्रणाली भी संदेह के घेरे में आती है। जाहिर है, इसके बाद फिर नतीजे और उसके आधार पर बनी सरकारें भी कठघरे में होती हैं। गौरतलब है कि हरियाणा के पानीपत जिले के ग्राम पंचायत बुआना लखू में सन 2022 में हुए सरपंच के चुनाव के बाद जब नतीजों की घोषणा हुई, तभी इस पर विवाद उठा था। वह मामला तब जिला अदालत से होते हुए आखिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

ऐसी शिकायतें अब तक शायद ही किसी अंजाम तक पहुंची हों। मगर इस मामले में शीर्ष अदालत के फैसले ने पहली बार ईवीएम से चुनाव और मतगणना पर उठने वाले सवालों को मजबूत आधार दिया है। दरअसल, इस मामले में अदालत ने खुद ईवीएम मंगवा कर अपनी निगरानी में मतों की फिर से गिनती करवाई और पहले के नतीजे से अलग परिणाम घोषित किया। इसमें परिणाम पलट गया और पहले हार चुके प्रत्याशी को सरपंच बनाया गया।

जाहिर है, शीर्ष अदालत की इस कवायद के बाद अब ईवीएम के जरिए डाले गए मत और उसकी गिनती से लेकर किसी प्रत्याशी की जीत-हार की घोषणा तक की समूची प्रक्रिया की पारदर्शिता पर अगर सवाल उठते हैं, तो उसे बेमानी या निराधार घोषित कर पाना मुश्किल होगा। इस पूरे मामले से यह भी जाहिर होता है कि किसी चुनाव की पूरी प्रक्रिया से जुड़े सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है, ताकि विवाद की स्थिति में उनकी जांच हो और सारे संदेह दूर किए जाएं।

# अपनी ही बिसात पर मात खा गए ट्रंप

इस बात पर शायद ही किसी को आश्चर्य हुआ हो कि राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन के बीच शिखर वार्ता से कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। आश्चर्य इस बात पर हुआ कि 'पुतिन ने युद्धविराम से इन्कार किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे' की धमकी देकर शिखर वार्ता में जाने वाले ट्रंप तीन घंटे चली वार्ता से यह कहते हुए कैसे निकले कि वे 'अस्थायी युद्धविराम की जगह स्थायी शांति समझौते को प्राथमिकता देंगे।' उनके बदले सुरों से तो यही संकेत मिलता है कि राष्ट्रपति पुतिन अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखकर उनकी राय बदलने में कामयाब रहे। इसे देखकर यही लगता है स्वनामधन्य सौदा-निपुण ट्रंप साहब की कोई चाल कारगर नहीं सिद्ध हो पाई।

शिखर वार्ता के बाद पुतिन ने कहा कि हम ईमानदारी से चाहते हैं कि यूक्रेन का संघर्ष समाप्त हो, पर इसके स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के लिए हमें उसके बुनियादी कारणों को दूर करना होगा। पुतिन शुरू से ही यूक्रेन को नाटो में शामिल करने और यूक्रेन में रूस विरोधी सरकार लाने के कथित षड्यंत्र को इस संघर्ष का बुनियादी कारण मानते रहे हैं। यही दलील देकर उन्होंने 2014 में क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा किया था और साढ़े तीन साल पहले यूक्रेन पर हमला शुरू किया।

ऐसे में ट्रंप जिन बातों पर सहमति का इशारा कर रहे हैं, उनमें पहली तो यही हो सकती है कि ट्रंप की तरह पुतिन भी अब संघर्ष का समाधान चाहते हैं। दूसरी सहमति यूक्रेन को नाटो में शामिल न करना हो सकती है। तीसरी, दोनों का यह



मानना कि बाइडन की जगह यदि ट्रंप राष्ट्रपति होते तो शायद लड़ाई छिड़ने की नौबत नहीं आती। इसके अलावा यह बात भी किसी से छिपी नहीं है कि दोनों ही यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को पसंद नहीं करते।

ट्रंप ने जिन अड़चनों का संकेत दिया है, उनमें सबसे प्रमुख यूक्रेन के वे चार पूर्वी प्रांत हैं जिनके अधिकांश भाग रूसी सेना के कब्जे में आ चुके हैं। ट्रंप कई बार इशारा कर चुके हैं कि यदि यूक्रेन लुहांस्क और डोनेस्क प्रांतों की पूरी जमीन रूस को सौंप दे और क्रीमिया को भूल जाए तो बदले में रूस खरसोन और जफरीजिया प्रांतों की जीती हुई जमीन लौटा सकता है। शायद इसी मुद्दे पर आगे बात करने के लिए जेलेंस्की को व्हाइट हाउस बुलाया गया है।

हालांकि जेलेंस्की सार्वजनिक रूप से कई बार कह चुके हैं कि वे जमीन देकर आक्रांता से शांति खरीदने के लिए कभी तैयार नहीं होंगे और वह भी रूस जैसे आक्रांता से जो शांति की जुबान देकर कभी भी मुकर सकता है। जेलेंस्की तैयार भी हो जाएं तो उनकी संसद तैयार नहीं होगी। पुतिन भी यह जानते हैं। शायद इसीलिए असंभव शर्तें रख रहे हैं।

वैसे भी रूस को जीती हुई जमीन देकर शांति का सौदा करना संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन होगा और पूरी दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल कायम करेगा। सबसे बड़ा सवाल तो यूक्रेन और रूस दोनों की असुरक्षा की भावना दूर करने का है। नाटो और अमेरिका की सुरक्षा गारंटी के बिना यूक्रेन के अस्तित्व को खतरा है और इनकी यूक्रेन में उपस्थिति को रूस खतरा मानता है।

ट्रंप को लगता था कि तालियां बजाकर स्वागत-सत्कार करके वे पुतिन को किसी नाटकीय शांति समझौते के लिए तैयार कर लेंगे, लेकिन पुतिन ने सिद्ध कर दिया कि वे कूटनीतिक शतरंज के माहिर हैं। युद्धविराम भी नहीं किया और जेलेंस्की के साथ त्रिपक्षीय वार्ताओं की बात मानकर उन आर्थिक प्रतिबंधों को कुछ समय के लिए टलवा लिया, जिनकी ट्रंप धमकी दे रहे थे। वार्ता के बाद एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंधों के बारे में वे दो-तीन हफ्ते बाद फैसला लेंगे। इसलिए जब तक यूक्रेन वार्ताओं का सिलसिला जारी रहता है तब तक भारत पर भी वह 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ नहीं लगना चाहिए जो रूस से तेल खरीदने के लिए लगना था।

हालांकि ट्रंप के बारे में कोई भी अनुमान लगाना संभव नहीं है। उसी चैनल को वार्ता से पहले दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि रूस एक ऐसा ग्राहक खो चुका है जो उसका 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। वे भारत की तरफ इशारा करके यह दावा कर रहे थे कि टैरिफ से बचने के लिए भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। भारत ने यदि ऐसा किया भी है तो उसका कारण यह भी तो हो सकता है कि बाजार में अब तेल की कीमतें उन्हीं दरों पर आ गई हैं, जिन रियायती दरों पर रूस से तेल मिल रहा था।




**प्रभु खुशी और आनंद के महासागर हैं।**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# डिजिटल दौर में निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती

लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चलाने की वैधता हासिल करना नहीं, बल्कि यह उस बुनियाद का प्रमुख स्तंभ है, जिस पर देश या राज्य की पूरी व्यवस्था का दारोमदार टिका होता है। इस प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है। बिहार में विधानसभा चुनावों से पहले हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर उठे सवालों का जवाब भी निश्चित रूप से चुनाव आयोग के पास ही है।

मगर, सवाल यह है कि क्या आयोग के जवाब से आमजन, सामाजिक संगठन और संबंधित राजनीतिक दल संतुष्ट हो पाए हैं? साफ है कि ऐसा नहीं हुआ और मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया। अब शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह एसआइआर के तहत मसविदा मतदाता सूची से हटाए गए पैंसठ लाख नामों को कारण सहित सार्वजनिक करे।

चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार में मृत और स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा कई स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की सूची संबंधित राजनीतिक दलों के साथ पहले से साझा की जा रही है। हालांकि, विपक्षी दलों का आरोप है कि उन्हें आधी-अधूरी जानकारी मुहैया कराई जा रही है। सवाल यह भी है कि




अगर किसी मतदाता का नाम सूची से हटाया गया है और उसके पीछे क्या कारण हैं, इसकी जानकारी संबंधित व्यक्ति को कैसे मिल पाएगी? क्या हर व्यक्ति के लिए अपने स्तर पर सूची में अपना नाम दर्ज होने या न होने की पुष्टि करना संभव है?

इसी पहलू को ध्यान में रखकर शीर्ष अदालत ने बिहार में मसविदा सूची से हटाए गए नामों की सूची पंचायत स्तर के कार्यालय और जिला स्तर के निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है। साथ ही नाम हटाने के कारणों का पूरा ब्योरा देने को भी कहा है। जाहिर है, इससे उन मतदाताओं को आसानी से अपना दावा करने की सहूलियत होगी, जो मतदान के योग्य होने के बावजूद किसी कारणवश सूची से बाहर हो गए हैं।

सर्वोच्च अदालत ने अपने निर्देश में यह भी कहा है कि नाम हटाए जाने से जिन लोगों को दिक्कत है, वे अपने आधार कार्ड के साथ निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष दावा पेश कर सकते हैं। पहले चुनाव आयोग आधार को नागरिकता का प्रमाण पत्र मानने से सहमत नहीं था। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आयोग ने निष्कर्ष निकाला है कि पहले से पंजीकृत 22.34 लाख लोगों की मृत्यु हो चुकी है, 36.28 लाख स्थायी रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित हो गए हैं और अब उनका पता मालूम नहीं है तथा करीब सात लाख मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत थे। मगर, स्थायी रूप से स्थानांतरित लोगों की संख्या की पुष्टि का ठोस आधार क्या था, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

साथ ही यह सवाल भी अनुत्तरित है कि अगर कोई व्यक्ति स्थानांतरित हो जाता है, तो क्या उस राज्य में मतदान करने का उसका अधिकार भी खत्म हो जाता है? यह बात सही है कि बिहार ही नहीं, बल्कि तमाम राज्यों में मतदाताओं के एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत होने की समस्या पैदा हुई है। मगर, चुनाव आयोग पहल करे तो सब कुछ डिजिटल होने के दौर में इस तरह की समस्या से आसानी से निपटा जा सकता है। चुनाव आयोग एक स्वायत्त, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यप्रणाली वाली संस्था है, लेकिन ये शब्द सिर्फ कागजों में सहेजने के लिए नहीं हैं, धरातल पर इनके मूल्य और महत्त्व नजर आने से ही लोकतंत्र की सफलता सुनिश्चित हो पाती है।

# सीने में होता था दर्द, 8 साल से फंसी थी चाकू की ब्लेड

एक चमत्कार तंजानिया के एक शख्स के साथ हुआ. वह अस्पताल तो सिर्फ अपने निप्पल में दर्द और पस की शिकायत लेकर पहुंचा, लेकिन

**जरा हट के**

डॉक्टरों ने पाया कि उसके सीने में पिछले आठ साल से एक बड़ी चाकू की ब्लेड फंसी हुई थी.

तंज़ानिया के मुहिम्बिली नेशनल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हाल ही में इस असामान्य मामले को नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन नामक वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित किया. रिपोर्ट के अनुसार, 44 साल का यह शख्स स्वस्थ था, लेकिन अस्पताल में उसने बताया कि पिछले 10 दिनों से उसके दाहिने निप्पल से सफेद पस निकल रहा है. अजीब बात ये थी कि उसने छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, खांसी या बुखार की कोई शिकायत नहीं की. जब डॉक्टरों ने पूछा कि क्या उसके साथ पहले कोई गंभीर घटना हुई है, तो उसने आठ साल पहले हुए एक हिंसक झगड़े को याद किया.



उस दौरान उसके चेहरे, पीठ, छाती और पेट पर कई जगह गहरे कट लगे थे. डॉक्टरों ने उस समय टांके लगाकर घावों को ठीक कर दिया था और तब से उसकी ज़िंदगी सामान्य ही रही, जब तक कि निप्पल से पस आना शुरू नहीं हुआ. संक्रमण की वजह समझ न पाने पर डॉक्टरों ने एक्स-रे कराने का फैसला लिया. नतीजे देखकर दंग रह गए, क्योंकि असल में उसके सीने के अंदर एक विशाल चाकू की ब्लेड फंसी हुई थी. डॉक्टरों ने अपने केस स्टडी में लिखा, "लेटरल चेस्ट रेडियोग्राफ़ की शुरुआती इमेजिंग से पता चला कि सीने के मध्य भाग में एक धातु की वस्तु जमी हुई थी, जिसके आसपास का धुंधलापन शायद एक रिसते हुए या क्रॉनिक लोकुलेटेड हेमेटोमा या पोस्ट-ट्रॉमेटिक फाइब्रोसिस का संकेत था, जो मरीज के चाकू के घाव का एक नतीजा था."

किसी तरह, चाकू का ब्लेड, जो दाहिने कंधे की हड्डी में घुस गया था, चमत्कारिक रूप से किसी भी प्रमुख अंग को चकमा देने में कामयाब रहा. आठ साल पहले, उस व्यक्ति के झगड़े के समय, जिस अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, उसके पास रेडियोलॉजिकल जाँच करने का कोई साधन नहीं था, और चूँकि उसने अपने घाव ठीक होने के बाद कोई दर्द नहीं बताया, इसलिए किसी ने आगे जांच करने की ज़हमत नहीं उठाई.

खाना-खजाना

# चिली गार्लिक नूडल्स

**सामग्री :**

- 200 ग्राम नूडल्स
- 2 बड़े चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच कटा हुआ लहसुन
- 1 छोटा चम्मच कटी हुई हरी मिर्च
- 1/4 कप प्याज, पतला कटा हुआ
- 1/4 कप शिमला मिर्च
- 1/4 कप गाजर
- 2 बड़े चम्मच सोया सॉस
- 1 बड़ा चम्मच चिली सॉस
- 1 छोटा चम्मच विनेगर
- 1/2 छोटा चम्मच चीनी
- स्वादानुसार नमक
- 1 छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर

**विधि :**

सबसे पहले एक बर्तन में पानी उबालें और उसमें नूडल्स डालें। अब नूडल्स को 3-4 मिनट तक उबालें ताकि वे नरम न हो जाएं)।



जब नूडल्स नरम हो जाएं, तो उन्हें छानकर ठंडे पानी से धो लें और थोड़ा तेल डालकर मिला दें ताकि वे चिपके नहीं।

अब एक पैन या कड़ाही में तेल गर्म करें और इसमें कटा हुआ लहसुन और हरी मिर्च डालकर हल्का भूनें। अब प्याज डालें और हल्का सुनहरा होने तक भूनें। फिर शिमला मिर्च और गाजर डालकर 2 मिनट तक हाई फ्लेम पर भूनें। सब्जियों में सोया सॉस, चिली सॉस, विनेगर, चीनी, नमक और काली मिर्च डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें उबले हुए नूडल्स डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक मिक्स करें। इसके बाद नूडल्स को गैस से उतारकर एक बाउल में निकालें। गर्मागर्म चिली गार्लिक नूडल्स को सर्व करें।

# सिर्फ सुंदरता ही नहीं, सेहत का हाल भी बताते हैं नाखून!

### आप भी तो 6 लक्षणों को नहीं कर रहे इग्नोर?

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत का सही ढंग से ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। इससे उन्हें कई बीमारियां अपनी चपेट में ले रहीं हैं। जब भी हमें कोई बीमारी अपनी चपेट में लेती है तो हमारे शरीर में पहले से ही कई संकेत नजर आने लगते हैं। इन्हें समय पर पहचानना बहुत जरूरी है। नाखून भी हमारी सेहत का हाल बताते हैं। इन्हें नजरअंदाज करने से आपकी दिक्कत और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

अगर आपके नाखून पर लाइंस बन गए हैं या वो बहुत कमजोर और मोटे हो रहे हैं तो ये सब खराब ब्लड सर्कुलेशन, कमजोर इम्युनिटी, शरीर में पोषण की कमी और कई बीमारियों का संकेत हो सकते हैं।



क्लिनिकल डर्मेटोलॉजी रिव्यू में छपी एक स्टडी बताती है कि नाखूनों में बदलाव एनीमिया, थायरॉयड, डायबिटीज या लिवर की बीमारी का संकेत हो सकते हैं।

### नाखून में नजर आने वाले इन संकेतों को न करें इग्नोर

अगर आपके नाखून बहुत ज्यादा सफेद हो गए हैं तो ये एनीमिया, पोषण की कमी या लिवर की बीमारी का संकेत हो सकते हैं। अगर पूरा नाखून सफेद दिखे और किनारे गहरे रंग के हों तो यह टेरीज नेल्स कहलाता है, जो लिवर फेल्योर, किडनी की समस्या या दिल की बीमारी में देखा जाता है।

कभी-कभी नेल पॉलिश या फंगल इन्फेक्शन से नाखून पीले हो जाते हैं। लेकिन अगर इनका रंग लगातार पीला है तो ये थायरॉयड, डायबिटीज या सांस की बीमारियों का संकेत हो सकते हैं। येलो नेल सिंड्रोम में नाखून मोटे, पीले और धीरे बढ़ने लगते हैं। जो लिंफैटिक या फेफड़ों की बीमारी से जुड़ा हो सकता है।

नाखून पर आड़ी-तिरछी लाइंस बनना ब्यूज लाइन्स कहलाता है। ये किसी बीमारी, चोट या ज्यादा तनाव के बाद दिख सकती हैं। ये हाई फीवर, डायबिटीज या शरीर में जिंक की कमी भी दिखाती है।

अगर नाखून की उंगलियां मुड़ जाएं या मुलायम और स्पंजी हो जाएं तो ये क्लबिंग कहलाता है। ये शरीर में लगातार ऑक्सीजन की कमी का संकेत है। साथ ही फेफड़ों की बीमारी, दिल की बीमारी या आंतों की सूजन जैसी दिक्कतों में दिख सकता है।

अइगर आपके नाखून बार-बार टूट रहे हैं तो ये थायरॉयड की समस्या, आयरन की कमी या शरीर में पानी की कमी का लक्षण हो सकता है।

अगर नाखून के नीचे से ऊपर तक गहरी काली या ब्राउन लाइन दिखे तो ये सबंगुअल मेलानोमा यानी कि स्किन कैंसर ये जुड़ा हो सकता है। इसे नजरअंदाज करने की गलती नहीं करनी चाहिए।

**कब डॉक्टर से मिलें?**

- नाखूनों में काली धारियां नजर आने पर
- छोटे-छोटे लाल धब्बे बनने पर
- गड्ढेदार नाखून होने पर
- नाखून के बार-बार उखड़ने पर

**नाखूनों को हेल्दी रखने के टिप्स**

- नाखून हमेशा साफ और सूखे रखें।
- बार-बार नेल पॉलिश, केमिकल वाले रिमूवर का इस्तेमाल करने से बचें।
- अपने खाने में आयरन, जिंक, बायोटिन, कैल्शियम, प्रोटीन को जरूर शामिल करें।

## आज का राशिफल

**मेष :** नए कार्य में लाभ मिलेगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा।

**वृषभ :** चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** घर-बाहर आज विवाद को बढ़ावा न दें। अपने फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। छात्र कुसंगति से बचें। आपको घर-परिवार की चिंता आज बनी रहेगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। नौकरीपेशा को आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति बनी रहेगी। आज नए कार्य में लाभ मिलेगा।

**सिंह :** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या :** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला :** बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है। दूसरे लोग आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु :** स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। लापरवाही न करें।

**मकर :** रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर सभी ओर से सफलता तथा प्रसन्नता प्राप्त होगा।

**कुंभ :** विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दु:खद समाचार मिल सकता है। नए कार्य में बनेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन :** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पहाड़ों की ये दुर्लभ जड़ी-बूटी...

### झटपट कर देगी किडनी की पथरी का काम तमाम!

उत्तराखंड की हिमालयी पहाड़ियां आज भी कई रहस्य समेटे हुए है. इन वादियों में मौजूद औषधीय पौधे कई बीमारियों के इलाज में रामबाण साबित होते हैं. पाषाणभेद यानी सिलफड़ उन्हीं में से एक है. ये जड़ी-बूटी कोई आम नहीं है, बल्कि ये उत्तराखंड (उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़) ) के अलावा, कश्मीर, हिमाचल के ऊंचे पहाड़ी (2200 से लेकर 3200 मी. तक) इलाकों में भी पाया जाता है. साथ ही, भारत के अतिरिक्त यह भूटान, तिब्बत और अफगानिस्तान तक पाया जाता है. इस पौधे की सबसे बड़ी ख़ासियत है कि यह किडनी और यूरिन की पथरी को उखाड़ बाहर फेंकता है. आइए, इसे डिटेल में समझते हैं.

ब्रह्मचारी महेशस्वरूप बताते है कि पथरी को तोड़कर बाहर निकालने में पाषाणभेद बेहद कारगर सिद्ध होता है. इसके साथ ही, कई बीमारियों में इसका इस्तेमाल किया जाता है. यूरिन इंफेक्शन और दर्द, पेशाब करने में जलन या रुकावट



जैसी समस्याओं में लाभकारी, बुखार और सूजन में फायदेमंद, महिलाओं से संबंधित रोगों में भी ये असदार है. आंख और कान के रोग में इस पौधे की पत्तियों का रस दर्द को कम करता है. साथ ही, कब्ज, दांतों की समस्या, पीलिया और त्वचा रोग में भी इसे इस्तेमाल किया जाता है.

### कैसे करें पथरी की बीमारी में इस्तेमाल?

इस पौधे की जड़ या पत्तियों को सुखा लें. फिर उसे पीसकर चूर्ण (2-5 ग्राम) बना लें या फिर काढ़ा (60-100 ml) के रूप में भी लिया जा सकता है. पथरी की समस्या को दूर करने के लिए पत्तियों का रस बताशे के साथ लेना लाभकारी है. स्थानीय लोग इसे घाव, आंख या कान की समस्या में पत्तियों को पीसकर इस्तेमाल करते हैं. हालांकि आपको इसके इस्तेमाल से पहले विशेषज्ञ की सलाह ज़रूर लेनी चाहिए, कई बार बिना सलाह के इस्तेमाल करना भी घातक हो सकता है.

**जड़ी-बूटियां 'प्रकृति की फार्मेसी'**

हिमालय की वादियों में छिपी जड़ी-बूटियां किसी खजाने से कम नहीं हैं. यह वही खजाना है जिसे हमारे पूर्वज बिना किसी लैब टेस्ट और मॉडर्न साइंस के भरोसे, पीढ़ियों से अपनाते आ रहे हैं. किडनी में स्टोन हो या पाचन की गड़बड़ी, बुखार हो या इंफेक्शन, इन औषधियों ने हर दौर में लोगों की सेहत की रखवाली करते हैं. फर्क बस इतना है कि आज हमें इनके गुणों को फिर से पहचानना है और विज्ञान की रोशनी में इनके फायदों को समझना है. सही सलाह और सावधानी के साथ इस्तेमाल करें, तो यह जड़ी-बूटियां वाकई प्रकृति की फार्मेसी साबित हो सकती है.

# सुबह उठते ही पिएं 1 ग्लास जीरा पानी

### दूर होंगी 6 बड़ी बीमारियां

जब मनुष्य के शरीर को बीमारियां जकड़ने लगती हैं, तो मनुष्य दवाई गोली के साथ आयुर्वेदिक दवाईयों और घरेलू नुस्खे को भी अपनाना शुरू कर देता है. आज हम आपको आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉक्टर के अनुसार घरेलू नुस्खे के बारे में जानकारी बताने के लिए जा रहे हैं. यदि आप इस छोटी सी चीज का पालन करते हैं, तो आपको यह छह बड़ी बीमारियों से निजात मिलेगी और आपको कोई अधिक खर्च भी नहीं करना है. आपको केवल सुबह के समय में एक घंटा समय निकालकर यह पूरी प्रक्रिया को करना है, जिससे आपकी यह बीमारियां शरीर से छूमंतर हो जाएगी.

**आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉक्टर ने दी जानकारी**

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉक्टर दीपांकर अत्रे ने बताया कि यदि आप भी एक घरेलू नुस्खे को अपनाते हैं, तो आप आपके शरीर की 6 बीमारियों को दूर भगा सकते



हैं. आपको यह नुस्खे सुबह के समय में करना है, जो सभी के घर पर जीरा मौजूद होता है. उसको केवल आपको पानी में उबालकर उसके पानी को पीना है. यह सुबह के समय में आप करें और उसके 1 घंटे बाद तक कुछ भी सेवन नहीं करें. यदि आप निरंतर 3 महीने तक करते हैं, तो आपको कब्ज गैस बीपी बेड केलोस्टल सुजान वेट लॉस इन छे बीमारियों से आराम मिलेगा.

**ऐसा करें इस्तेमाल**

यदि आप भी इस घरेलू नुस्खे को अपनाने जा रहे हैं तो आप सबसे पहले जीरे को पानी में उबाल लें और इसका जो पानी रहता है. उसको छलनी से छान ले और उसके पानी का सुबह के समय में सेवन करें, जिससे आपको आराम मिलना शुरू हो जाएगा. आपको 3 महीने तक लगातार सुबह के समय यह घरेलू नुस्खे को अपनाना है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### ओपी राजभर का कोर्ट में सरेंडर

**मऊ.** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा के अध्यक्ष ओपी राजभर ने लोकसभा चुनाव से जुड़े केस में सोमवार को मऊ की अदालत में सरेंडर कर दिया। राजभर के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में केस दर्ज किया गया था। एमपी-एमएलए कोर्ट में मामला चल रहा था। कई तारीखों पर पेश नहीं होने के बाद राजभर के खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया था। एक घंटे तक कोर्ट में रहने के बाद 20-20 हजार के बांड पर उन्हें जमानत मिल गई। कोर्ट में सरेंडर से पहले ओपी राजभर ने मीडिया से बातचीत ने कहा कि कानून का पालन करना देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वे भी देश के आम नागरिक की तरह कानून का पालन करने के लिए अदालत पहुंचे हैं।

### मेरठ में टोल प्लाजा पर सैन्य जवान को बंधक बनाकर पीटा, गांव वालों ने जमकर की तोड़फोड़

**मेरठ.** मेरठ-करनाल हाईवे स्थित भूनी टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों ने गुंडई दिखाते हुए गांव गोटका निवासी सेना के जवान को बंधक बना लिया तथा खंभे से लगाकर बर्बरता के साथ लाठी-डंडों से पीटा। बचाव में आए उनके चचेरे भाई के साथ भी टोल कर्मियों ने मारपीट की। आरोप है कि टोल कर्मियों ने सेना के जवान का आईकार्ड और मोबाइल भी छीन लिया। गांव गोटका के ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। आरोपी टोल कर्मी फरार हो गए। ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। घटना को लेकर देर रात तक भी टोल पर ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। उधर, एसएसपी ने बताया कि फुटेज के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरूरपुर के गांव गोटका निवासी कपिल पुत्र कृष्णपाल सेना में हैं और वर्तमान में श्रीनगर में तैनाती है। कपिल कांवड़ यात्रा के लिए छुट्टी पर गांव आए हुए थे। सोमवार को उन्हें श्रीनगर में ड्यूटी पर अपनी बटालियन में आमद करानी थी। सोमवार सुबह पांच बजे दिल्ली से उसकी फ्लाइट थी।

### विधायक के घर के पास खंभे से बांध गला कसकर चोर की हत्या, मांगता रहा जिंदगी की भीख

**बलरामपुर.** यूपी के बलरामपुर में शहर से सटे सदर तहसील के सामने स्थित कालोनी में सोमवार की सुबह छह बजे बेलवा सुल्तानजोत गांव निवासी 40 वर्षीय डब्लू पुत्र स्वर्गीय मुन्नन की बिजली के खंभे से बांध गला कसकर हत्या कर दी है। आरोप है कि वह सुबह चोरी करने आया था, जिसे पकड़ लिया गया। मुहल्लेवासियों की पिटाई से उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक के परिवारजन का आरोप है कि डब्लू जब पकड़ा गया था, तो उसने घर पर फोन कराया था। वह अपनी जिंदगी की भीख मांगते हुए कहता रहा कि पुलिस के हवाले कर दो, लेकिन मारो नहीं। बावजूद इसके उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# सीपी राधाकृष्णन होंगे NDA के उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार

### ■ जेपी नड्डा ने नाम का किया एलान

**नई दिल्ली.** भाजपा की अगुआई वाली एनडीए ने उपराष्ट्रपति के लिए होने वाले चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। तमिलनाडु के सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उम्मीदवार बनाए गए हैं। राधाकृष्णन अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। जेपी नड्डा ने उनके नाम का एलान किया है। दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक हुई, जिसके बाद उनके नाम की घोषणा की गई है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, सर्बानंद सोनोवाल और अन्य नेता बैठक में मौजूद रहे।



### सीपी राधाकृष्णन का राजनीतिक सफर

सीपी राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पर में हुआ था। उन्होंने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन की पढ़ाई की। बचपन से ही वे RSS से जुड़े थे और 1974 में जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने।

साल 1996 में वे भाजा तमिलनाडु के सचिव बने और 1998 में पहली बार कोयंबटूर से लोकसभा सांसद चुने गए। 1999 में उन्हें दोबारा जीत मिली। सांसद रहते हुए उन्होंने कपड़ा उद्योग संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता की और महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य भी रहे।

18 फरवरी 2023 को उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। यहां उन्होंने सिर्फ चार महीने में सभी 24 जिलों का दौरा कर लोगों और अधिकारियों से मुलाकात की। 31 जुलाई 2024 को वे महाराष्ट्र के राज्यपाल बने।

2004 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया और पहली संसदीय टीम के साथ ताइवान का दौरा किया। उन्होंने अमेरिका, यूरोप और एशिया के कई देशों की यात्राएं भी की।

# हलफनामे को लेकर अड़ी कांग्रेस



### ■ वोटर लिस्ट में गड़बड़ी मामला

**नई दिल्ली.** वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के दावे पर हलफनामे पर कांग्रेस अड़ गई है। कांग्रेस ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर पलटवार किया। कांग्रेस ने कहा कि पहले निर्वाचन आयोग सुप्रीम कोर्ट में यह हलफनामा दे कि मतदाता सूची में गड़बड़ी नहीं है। इसके बाद पार्टी भी हलफनामा देकर बताएगी कि इसमें गड़बड़ है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त की धमकियों से डरने वाली नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को कहा था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने दावे को लेकर हलफनामा दें या फिर माफी मांगें।

#### हम धमकियों से डरते नहीं

खेड़ा ने पत्रकारों से कहा कि वोटर अधिकार यात्रा का असर यह है कि इसकी शुरुआत होते ही ज्ञानेश कुमार गुप्ता को संवाददाता सम्मेलन करना पड़ा। जब कल वह प्रकट हुए तो धमकी दी कि हलफनामा दो या माफी मांगो। वह शायद भूल गए कि हम धमकियों से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को अपने ही कागजात पर भरोसा नहीं है। खेड़ा ने कहा कि इस देश का निर्वाचन आयोग जिस तरह से कम रह रहा है वह बहुत परेशानी वाली बात है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार को यह कैसे लगता है कि वह नेता प्रतिपक्ष को धमकी दे देंगे, 60 प्रतिशत देशवासियों को धमकी दे देंगे। खेड़ा ने कहा कि उन्हें (मुख्य चुनाव आयुक्त) पता होना चाहिए कि हम धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।

#### क्या बोले कन्हैया कुमार

वहीं, कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि भाजपा संविधान की चोरी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव सर्वेक्षण में कहा गया कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार बनेगी, लेकिन नतीजे उलट आए। कुमार ने कहा कि इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक मतदाता सूची की मांग की। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग अपने ही तर्कों में फंस गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग हलफनामा मांग रहा है क्योंकि उसे अपने ही कागज पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि आयोग देश की जनता की आंखों में आंकड़े झोंकना चाहता है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लामबंद हुआ विपक्ष

### ■ ला सकता है महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली.** मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर राहुल गांधी और चुनाव आयोग में टकराव के बीच विपक्ष लामबंद दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक इंडिया गठबंधन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए थे कि लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा में 'वोटों की चोरी' की गई।

राहुल गांधी का आरोप है कि चुनाव आयोग चुनावों के दौरान सत्ताधारी बीजेपी का समर्थन करता है और वोटर डेटा में छेड़छाड़ करता है। बीते 7 अगस्त को राहुल गांधी ने दावा किया था कि बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई थी और यहां बीजेपी जीत गई थी।

कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग के इस दावे को भी हास्यास्पद बताया कि वह सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची संशोधन का उद्देश्य मतदाता सूचियों में सभी कमियों को दूर करना होता है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं और निर्वाचन आयोग के कंधे पर रखकर गोली चला रहे हैं।

सीईसी की टिप्पणी के तुरंत बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया क्या आयोग उच्चतम न्यायालय के 14 अगस्त के आदेशों को अक्षरशः लागू करेगा।

#### कैसे हटाए जा सकते हैं मुख्य चुनाव आयुक्त?

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाने के नियम भी सुप्रीम कोर्ट के जजों की तरह ही हैं। आर्टिकल 324 (5) के तहत उनके खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है। दोनों सदनों में बहस के बाद अगर प्रस्ताव के समर्थन में सदन के दो तिहाई सदस्य होते हैं तभी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से बटाया जा सकता है। इस प्रस्ताव को राष्ट्रपति मंजुरी देते हैं। नियम यह भी है कि प्रस्ताव जिस सत्र में लाया जाता है उसी में उसका पास होना भी जरूरी है।

#### सांसद मोहन डेलकर खुदकुशी मामला

# हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ SC पहुंचा बेटा; याचिका खारिज

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद मोहन डेलकर को 2021 में आत्महत्या के लिए कथित रूप से उकसाने के मामले में केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के प्रशासक प्रफुल खोड़ा पटेल सहित नौ लोगों के खिलाफ सोमवार को एफआईआर बहाल करने से इनकार कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पटेल सहित नौ लोगों के खिलाफ मामला रद्द करने संबंधी आठ सितंबर, 2022 के मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली दिवंगत सांसद के बेटे अभिनव डेलकर की अपील खारिज कर दी।



पीठ ने अभिनव की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, राज्य सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और कुछ आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी की दलीलें सुनने के बाद चार अगस्त को याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दादरा और नगर हवेली से सात बार सांसद रहे डेलकर की मृत्यु के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वह 2021 में मुंबई के एक होटल में मृत पाए गए थे।

उनके कथित सुसाइड नोट में उत्पीड़न और धमकी का विस्तार से विवरण था, जिसके बाद शीर्ष नौकरशाहों और राजनीतिक हस्तियों सहित कई लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने इस बात पर विचार किया कि क्या रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री जिसमें कथित 30-पृष्ठ का सुसाइड नोट भी शामिल है, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत आरोपों को बनाए रखने के योग्य है।

सीजेआई गवई ने पूछा, 'क्या उस व्यक्ति के पास सोचने और 30 पन्नों का सुसाइड नोट लिखने का समय था। क्या हम कह सकते हैं कि यह (आत्महत्या) क्षणिक आवेग में हुई थी?' उन्होंने कहा कि तनाव या उत्पीड़न के प्रति व्यक्तिगत प्रतिक्रियाएं भिन्न हो सकती हैं। सीजेआई ने कहा, 'कोई संवेदनशील व्यक्ति आत्महत्या कर सकता है, जबकि कठोर हृदय वाला व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता।'

# सूरत में तिजोरी काटकर 20 करोड़ के हीरे चोरी

### ■ चोर सीसीटीवी-डीवीआर भी ले गए
### ■ डीसीपी-एफएसएल की जांच में जुटी

**सूरत.** गुजरात के सूरत में में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए डायमंड कंपनी की तिजोरी काटकर 20 करोड़ से ज्यादा के हीरे और नगदी चुरा लिए। इतना ही नहीं, चोर अपने साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए। सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी, एसीपी, सिटी क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। तस्करों ने न केवल हीरे और नकदी चुराई, बल्कि चोरी का कोई सबूत न रहे। इसके लिए कारखाने के सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस कॉम्प्लेक्स और अन्य दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

#### ■ 3 दिनों से बंद था मार्केट

चोरों ने कापोद्रा के एक कॉम्पलेक्स में स्थित डीके एंड संस डायमंड कंपनी को निशाना बनाया। 15 अगस्त, जन्माष्टमी और इसके बाद रविवार के चलते कॉम्प्लेक्स और मार्केट तीन दिनों से बंद था। चोरी की वारदात इसी दौरान हुई।

मामले की जांच कर रहे डीसीपी आलोक कुमार ने बताया कि 15 अगस्त की शाम को मालिक देवेंद्र चौधरी कंपनी बंद करके चले गए थे और फिर आज सोमवार सुबह कंपनी पहुंचे तो तो पता चला कि करोड़ों की चोरी हो गई है।चोरों ने गैस कटर की मदद से तिजोरी काटी। तिजोरी में करीब 20 करोड़ के कच्चे हीरे रखे थे।

# 'भारत को हथियार देना खतरनाक'

### वह चीन और रूस के करीब जा रहा है: वाइट हाउस अधिकारी

**वाशिंगटन.** रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। अब वाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि भारत ने रूस और चीन से करीबी बढ़ा ली है, जिसके कारण उसे हथियार बेचना जोखिम भरा हो गया है। वहीं, भारत ने साफ किया है कि तेल खरीदने को लेकर उसे अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया था कि अमेरिका और यूरोपीय संघ भी रूसी सामान के खरीदार हैं।



फाइनेंशियल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में वाइट हाउस के व्यापारिक मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने लिखा है नई दिल्ली अब 'रूस और चीन दोनों के करीब जा रहा है।'

उन्होंने लिखा, 'अगर भारत एक रणनीतिक साझेदार की तरह हमसे व्यवहार चाहता हैं, तो उसे वैसे काम भी करने चाहिए।' इससे पहले कई मौकों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी रूसी तेल की खरीदी को लेकर भारत पर निशाना साध चुके हैं।

नवारो ने लिखा, 'भारत रूसी तेल के सबसे बड़े उपयोगकर्ता के रूप में काम कर रहा है। वह कच्चे तेल को महंगे निर्यात में बदल रहा है और मॉस्को को डॉलर थमा रहा है, जिसे उसकी जरूरत है।' उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के करीबी रिश्तों के चलते अमेरिकी सैन्य क्षमताओं को भारत को सौंपना जोखिम भरा है।

#### ट्रंप का टैरिफ वॉर

ट्रंप पहले ही भारत के खिलाफ 25+25 फीसदी टैरिफ लगा चुके हैं। शुरुआती ऐलान में उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था और इसकी वजह BRICS देश और अमेरिका को होने वाला घाटा बताया था। साथ ही उस दौरान रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद उन्होंने 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क का ऐलान किया और भारत को रूसी तेल खरीदने पर घेरा था।

# हैदराबाद में दर्दनाक हादसा

### ■ जन्माष्टमी समारोह के दौरान करंट लगने से 5 की मौत, 4 घायल

**हैदराबाद.** तेलंगाना के हैदराबाद में दर्दनाक हादसा हुआ है। रविवार-सोमवार रात श्री कृष्णाष्टमी समारोह के दौरान एक दुखद हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 4 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उप्पल थाना इलाके के रामंतपुर गोखले नगर में एक रथ के बिजली के तारों से टकराने के कारण करंट लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसा उस समय हुआ जब यादव संगम समारोह हॉल में आयोजित जुलूस में भगवान कृष्ण की मूर्ति वाले रथ को 9 लोग खींच रहे थे। इस दौरान रथ ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया, जिससे जोरदार करंट का झटका लगा। घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कृष्ण यादव (24), श्रीकांत रेड्डी (35), सुरेश यादव (34), रुद्र विकास (39) और राजेंद्र रेड्डी (39) के रूप में हुई। वहीं, चार घायलों को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

# डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा




### ■ AFI अधिकारी ने पुष्टि की;
### ■ 15 अंक के साथ क्वालिफाई
### ■ 27-28 अगस्त को ज्यूरिख में मुकाबला

भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग-2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद फाइनल टेबल में 15 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होने जा रहे मुकाबले के लिए क्वालिफाई किया।

27 साल के नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया राउंड में हिस्सा नहीं लिया था। हालांकि, उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर का करियर बेस्ट थ्रो फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। फिर नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया- 'अभी तक की जानकारी के अनुसार नीरज पूरी तरह फिट हैं और वे डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेंगे।' फिलहाल, नीरज चोपड़ा चेक रिपब्लिक में ट्रेनिंग कर रहे हैं। नीरज चोपड़ा 15 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में केशोर्न वालकॉट (17 अंक) पहले और जूलियन वेबर (15) दूसरे स्थान पर हैं। ब्रसेल्स राउंड के बाद फाइनल टेबल में टॉप-6 पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम से दूरी बनाएंगी ममता बनर्जी?

**कोलकाता.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को कोलकाता में तीन मेट्रो रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करने वाले हैं। राज्य के एक सीनियर अधिकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री रहते हुए ममता बनर्जी ने ही इन परियोजनाओ कीं की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि बीजेपी शासित राज्यों में बंगाली लोगों के साथ हो रहे कथित अन्याय की वजह से ममता बनर्जी ने कार्यक्रम से दूरी बनाने का फैसला किया है।



एक सीनियर अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, कई राज्यों में बंगालियों के साथ भाषा के आधार पर भेदभाव की खबरें आ रही हैं। बीजेपी और केंद्र की सरकार का भी ऐसी घटनाओं को समर्थन मिला हुआ है। ऐसी स्थिति में ममता बनर्जी केंद्र सरकार के किसी व्यक्ति के साथ मंच साझा नहीं करना चाहती हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 14 अगस्त को ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने का न्योता भेजा था।

# विदाई समारोह में गाना गुनगुनाना तहसीलदार को पड़ गया महंगा

**नांदेड़.** महाराष्ट्र के एक अधिकारी को अपनी विदाई समारोह आधिकारिक कुर्सी पर बैठकर बॉलीवुड गाना गुनगुनाना महंगा पड़ गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उच्च अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया।

वायरल वीडियो के मुताबिक तहसीलदार प्रशांत थोरात 1981 में आई अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म याराना का एक हिट गाना 'यारा तेरी मेरी यारी को' गाते हुए रिकॉर्ड किए गए। इसके बाद जब यह वीडियो वायरल हुआ तो उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में प्रशांत थोराट एक कुर्सी पर बैठ दिखाई दे रहे हैं, इसके पीछे एक बोर्ट भी लगा है जिस पर तालुका मजिस्ट्रेट लिखा हुआ है। वीडियो रिकॉर्ड होने के दौरान प्रशांत थोराट नांदेड़ जिले के उमरी में तैनात थे। यहां से उनका ट्रांसफर लातूर जिले के रेनापुर गांव में किया गया था। चूंकि यह दोनों क्षेत्र एक ही संभाग में आते हैं, इसलिए उन्होंने उसी दिन अपनी नई पोस्टिंग को संभाल लिया था। लेकिन 8 अगस्त को उमरी थाना क्षेत्र में थोराट के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह गाना गाया।


### आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा दीपक गवई सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 17, 3रा माला, ए विंग, कमला अपार्टमेंट, पवाई चौक, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 30सीओ005745700) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय विजयकुमार कटारिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.9.2024 सी.नं. 95/24 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा दीपक गवई**

### आम सूचना

हम श्री ब्रिजू रुपचंद आहुजा व श्रीमती सुनिता ब्रिजू आहुजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. जी-2, ग्राऊंड फ्लोर, देवजी पैलेस, बैरक नं. 50, रुम नं. 1-2, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय015806800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चंद्रा शंकरलाल लालवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.10.1998 सी.नं. 40529 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री ब्रिजू रुपचंद आहुजा व श्रीमती सुनिता ब्रिजू आहुजा**

### आम सूचना

मैं श्री कुमार लालचंद चावला सभी को सूचित कर रहा हूं कि पका गाला, यूएमसी के पास, सामने धनलक्ष्मी सोसायटी, 300 चौ.फुट, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 29सीओ005374900) उक्त प्रॉपर्टी श्री दीपक भावनदास भोजवाणी और अन्य दो जनों के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.10.2024 सी.नं. 184/24 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कुमार लालचंद चावला**

### आम सूचना

मैं श्री रामकेश यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 170 चौ.फुट, 25/01, शंकर मंदिर के पास, सामने बैरक नं. 734, शास्त्री नगर, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ020725800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती नंदा श्रीधर सोनावने के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.11.2021 सी.नं. 341 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रामकेश यादव**

### आम सूचना

मैं श्री मोहम्मद गीयासुद्दीन करीमुल सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम नं, 1, 280 चौ.फुट, बैरक नं. 867, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 32सीओ018938700) उक्त प्रॉपर्टी श्री रवि नारायणदास बुधवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 17.1.2025 सी.नं. 192 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहम्मद गीयासुद्दीन करीमुल**

### आम सूचना

मैं श्री पदमकुमार खेमनदास शामदासाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ शेड, 1475 चौ.फुट, बैरक नं. 1102 के पीछे, नवजीवन स्कूल पार्क, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 38बीओ019720600) उक्त प्रॉपर्टी श्री जीतेंद्र खेमनदास शामदासाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 7.8.2025 सी.नं. 186 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री पदमकुमार खेमनदास शामदासाणी**

## संक्षेप...

### ठाणे के कुछ इलाकों में 24 घंटे तक जलापूर्ति बंद

**ठाणे.** महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत, जांभुल जल शोधन केंद्र में अति आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, ठाणे के कुछ इलाकों में गुरुवार 21 को दोपहर 12 बजे से शुक्रवार 22 को दोपहर 12 बजे तक कुल 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी।इस बंद अवधि के दौरान दिवा, मुंब्रा (वार्ड क्रमांक 26 और 31 के कुछ हिस्सों को छोड़कर) और ठाणे मनपा के अंतर्गत कलवा प्रभाग समिति के सभी इलाकों और वागले प्रभाग समिति के अंतर्गत मानपाड़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत रूपादेवी पाड़ा, किसाननगर क्रमांक 2, नेहरू नगर, कोलशेत खालचा गाँव में 24 घंटे के लिए जलापूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी।

# मुंबई में भारी बारिश का तांडव






■ **सड़कें बनीं तालाब**

**मुंबई.** देश की आर्थिक नगरी मुंबई में आज (सोमवार को) लगातार तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश हो रही है। इसकी वजह से शहर के कई इलाकों में जलभराव देखने को मिला है। बारिश और जलभराव ने मायानगरी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने मुंबई और उसके आसपास के इलाकों और मुंबई के उपनगरों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। IMD ने इसके लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। भारी बारिश को देखते हुए स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। भारी बारिश के कारण ईस्टर्न फ्रीवे और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर महाजाम लग गया है। इससे गाड़ियों की आवाजाही धीमी हो गई है। मौसम ब्यूरो द्वारा सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार, दोपहर लगभग 12 बजे तक भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके बाद पूरे दिन बहुत तेज बारिश होती रहेगी। IMD ने अपने ताजा पूर्वानुमानों में कहा है कि मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली कड़कने, भारी से बहुत भारी वर्षा और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएँ चलने की संभावना है।

### देरी से चल रहीं लोकल ट्रेनें

अधिकारियों और यात्रियों के अनुसार, महानगर की जीवन रेखा मानी जाने वाली लोकल ट्रेनें 15 से 20 मिनट देरी से चल रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम की बस सेवाओं को किसी भी रूट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शनिवार से मुंबई में भारी बारिश हो रही है। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात भर हुई भारी बारिश के बाद, सुबह 9 बजे से बारिश की तीव्रता और बढ़ गई।

### मुंबई में यातायात ठप, निचले इलाके जलमग्न

दूसरी तरफ, अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भारी बारिश होने से कुछ निचले इलाकों में जलभराव हो गया और यातायात ठप हो गया। वाहन चालकों के अनुसार, शहर के कुछ हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण दृश्यता प्रभावित हुई और वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। भारी बारिश के बाद विभिन्न इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गई हैं। अंधेरी सबवे, लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स जैसे कुछ निचले इलाकों में कुछ स्थानों पर पानी जमा हो गया, जिससे यातायात ठप पड़ गया है। सायन इलाके का गांधी बाजार भी जलमग्न हो गया है।

मौसम विभाग ने कोंकण-गोवा में, कई स्थानों पर भी भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई है, जबकि कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना जताई है।

### बादल फटने से 290 लोग फंसे

उधर, बादल फटने की वजह से आई बाढ़ में नांदेड़ जिले की मुखेड़ तहसील के चार गाँवों में 290 से ज्यादा लोग फंस गए हैं। बादल फटने की वजह से लेंडी बाँध के जलग्रहण क्षेत्र में बाढ़ आ गई है। अकेले रावनगाँव में ही 225 से ज्यादा ग्रामीण फँसे हुए हैं, जबकि कई लोगों ने स्थानीय मस्जिद में शरण ली है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) और त्वरित प्रतिक्रिया दल (QRT) द्वारा बचाव अभियान जारी है। इस बीच, बाँध के जलग्रहण क्षेत्रों और नदी किनारे के गाँवों के सैकड़ों निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

### घाट क्षेत्रों में भी भारी से बहुत भारी वर्षा का अनुमान

आईएमडी ने कहा कि मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में भी भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है, और कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने आगे कहा, ˈकोंकण-गोवा के अधिकांश स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश/गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, जबकि मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश/गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस क्षेत्र में भारी बारिश 23 अगस्त तक जारी रहने की उम्मीद है।

# ठाणे में खतरनाक इमारत का एक हिस्सा ढहा




### कोई हताहत नहीं

**ठाणे.** शहर स्थित उथलसर प्रभाग समिति के अंतर्गत एक खतरनाक इमारत का एक हिस्सा अचानक ढह गया।आनंद धाम सोसायटी के पास,नित्यानंद सोसायटी के सी विंग का पहली मंजिल के स्लैब और गैलरी का कुछ हिस्सा अचानक ढह गया।यह इमारत लगभग 40 से 45 साल पुरानी है।

इसकी सूचना मिलते ही सहायक आयुक्त सोपान भाईक, बालू पिचड़ , आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तड़वी, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारी 1 पिकअप वाहन, 1 अग्निशमन वाहन और1 बचाव वाहन के साथ अग्निशमन विभाग के कर्मचारी, अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी, राबोडी पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी, महावितरण के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुच कर राहत कार्य में जुट गए।साथ ही पूरी इमारत (सी2बी श्रेणी कुल 7 फ्लैट और 3 फ्लैट उपयोग में हैं) को घटनास्थल पर ही खाली करा दिया गया है और इमारत के निवासियों को अस्थायी रूप से अपने रिश्तेदारों के साथ रहने का निर्देश दिया गया है।आगे की कार्रवाई नौपाड़ा कोपरी प्रभाग समिति द्वारा की जाएगी।

# जिलाधिकारी कार्यालय में आपदा प्रबंधन पर बैठक




**ठाणे.** महाराष्ट्र में जारी भारी बारिश के मद्देनजर राज्य की समग्र स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष में एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। इस अवसर शहर विधायक संजय केलकर, कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे ने किया बैठक।इस बैठक में जिले में आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपायों, विभागों के बीच समन्वय, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता की तैयारी और नागरिकों की सुरक्षा के लिए की जाने वाली कार्रवाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएँ तैयार रखने, बचाव दल और उपकरण तुरंत उपलब्ध कराने और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, नियंत्रण कक्ष की दक्षता और सभी विभागों के बीच उचित समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।नागरिकों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने, अपुष्ट सूचनाओं या अफवाहों पर विश्वास न करने और आवश्यकतानुसार नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने का भी आग्रह किया गया।इस महत्वपूर्ण बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री, साथ ही मुंबई के पालक मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष से संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कोंकण संभागीय आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी, जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्णनाथ पांचाल इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक के दौरान, भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बचाव एवं राहत कार्यों की गति, पुनर्वास की तैयारियों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्काल निर्णय लिए गए।

# चौहान कॉलोनी में जर्जर इमारत का प्लास्टर गिरा

■ **3 मासूम बच्चे व महिला समेत 4 घायल**

▸▸उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** मनपा क्षेत्र अंतर्गत प्रभाग समिति क्रमांक 1 अंतर्गत चौहान कॉलोनी स्थित तीन मंजिला इमारत में रविवार देर रात करीब 10 बजे अचानक एक फ्लैट की छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया, जिससे तौकीर अंसारी की पत्नी और 3 बच्चे बुरी तरह जख्मी हो गए. घटना के बाद घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है.घायल परिवार वालों ने बताया कि पिछले कई दिनों से प्लास्टर गिरने की आशंका जताई जा रही थी. इसकी शिकायत मकान मालिक से भी की गई, मालिक ने न तो मरम्मत कराई और न ही जमा किया गया डिपॉजिट लौटाया. मजबूरी में परिवार को उसी खतरनाक घर में रहना पड़ रहा था.मनपा अधिकारियों का कहना है कि मानसून के पहले ही इमारत को जर्जर घोषित कर दिया गया था और खाली करने का नोटिस भी जारी किया गया था. इसके बावजूद कई परिवार अभी भी इस इमारत में रह रहे हैं. हादसे ने एक बार फिर शहर की जर्जर इमारतों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है. मनपबआंकड़ों के अनुसार भिवंडी शहर में 1,444 धोखादायक इमारतों में करीब 30 हजार से ज्यादा लोग रह रहे है,जिन पर खतरा मंडरा रहा है.जर्जर इमारत को मनपा प्रशासन में नोटिस जारी कर घर खाली करने के आदेश दे दिए हैं.

## पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना में सात घायल

**नवी मुंबई।** पुणे मुंबई एक्सप्रेसवे पर बीती शाम पनवेल के अडाई गाँव के पास एक यात्री बस और अर्टिगा कार की टक्कर में सात यात्री घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी बस सड़क पर खड़ी थी. कलंबोली स्थित मैकडॉनल्ड्स होटल के पास एक्सप्रेसवे पर बस स्टॉप की सुविधा न होने के कारण, एक्सप्रेस वे की शुरुआत से दो किलोमीटर दूर, खंडेश्वर और न्यू पनवेल से आने वाले यात्री अपनी सुविधानुसार अडाई गाँव के पास पुल के तुरंत बाद बस रोककर वहीं उतर जाते हैं।

**विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर**

# जिला सूचना कार्यालय में फोटो प्रदर्शनी एवं कार्यशाला

**ठाणे.** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर ठाणे में एक विशेष फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी ठाणे जिला सूचना कार्यालय, वेसाक इंडिया और शटर एंड लाइट क्रिएशंस के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

यह प्रदर्शनी फोटोग्राफर प्रफुल गांगुर्डे की चुनिंदा तस्वीरों की होगी। इसमें आप विभिन्न विषयों पर उनके द्वारा खींची गई बेहतरीन तस्वीरें देख सकते हैं।इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 19 अगस्त को सुबह 11:30 बजे जिला सूचना अधिकारी मनोज सुमन शिवाजी सानप और पर्यावरणविद् एवं वृक्ष प्रेमी विजयकुमार कट्टी करेंगे। यह फोटो प्रदर्शनी 19 से 22 अगस्त 2025 तक सुबह 10:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक ठाणे जिला सूचना कार्यालय, टेरेस गार्डन, एसबीआई बैंक के ऊपर, जिला कलेक्ट्रेट परिसर, ठाणे (पश्चिम) में नागरिकों और फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।इस पहल के अवसर पर, समाचार पत्र फोटोग्राफरों के लिए एक सम्मान समारोह और कार्यशाला का आयोजन किया गया है और इस कार्यक्रम में, पिछले 15 वर्षों से ठाणे शहर में समाचार पत्र फोटोग्राफर के रूप में काम कर रहे फोटोग्राफरों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, शुक्रवार, 22 अगस्त को सुबह 11.30 बजे 'फोटोग्राफी की तकनीक और जानकारी' विषय पर एक निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला 'शटर एंड लाइट क्रिएशन्स' के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें फोटोग्राफी की बुनियादी तकनीकें सीखी जाएंगी। इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए पंजीकरण आवश्यक है। इसके लिए एक गूगल फॉर्म लिंक जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।

# ट्रैवल एजेंट बनकर लाखों में बेचा विदेश का 'नकली टिकट'

■ **पैसे लेकर हुआ रफूचक्कर**

**ठाणे.** ठाणे से ट्रैविल बुकिंग के नाम पर एक बड़ी ठगी का मामला सामने आया है. यहां एक शख्स ने ट्रैवल एजेंट बनकर एक युवक को कुल 3.77 लाख रुपये का चूना लगा दिया. राजस्थान के सिलचर निवासी 32 साल के शिकायतकर्ता के अनुसार, वह एक परिचित के जरिए से आरोपी के संपर्क में आया था.

मीरा रोड पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित को अपने दो रिश्तेदारों को नौकरी के लिए एक विदेश भेजना था. ऐसे में टिकट के लिए आरोपी ने शिकायतकर्ता को यूपीआई के माध्यम से 3,77,916 रुपये ट्रांसफर करने के लिए मना लिया था. पीड़ित ने पैसे दिए और टिकट आए भी लेकिन वह टिकट नकली थे.

जब पीड़ित ने आरोपी से संपर्क किया, तो उसने पहले तो झूठे आश्वासन दिए और बाद में सभी तरह से कॉन्टैक्ट तोड़ दिया. अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 15 अगस्त को धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया था और फिलहाल उसकी तलाश जारी है.

बता दें कि डिजिटलाइजेशन के साथ ही ठगी के मामले खूब तेजी से बढ़े हैं. हाल में हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने नूंह जिले में तीन अलग-अलग साइबर ठगी मामलों में छह संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार किया है.

# आखिरकार पीओपी मूर्तियों पर होगी कार्रवाई

■ **मुख्यमंत्री कार्यालय पर्यावरणविदों के बयान पर गंभीर**



**ठाणे.** सरकार ने आखिरकार ठाणे में एक कृत्रिम विसर्जन तालाब से सीधे खाड़ी में पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की मूर्तियों को विसर्जन जाने के गंभीर मामले की ओर ध्यान आकर्षित किया है। पर्यावरण प्रेमी डॉ. प्रशांत सिनकर के पत्रव्यवहार के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने आधिकारिक संज्ञान लिया और नगर विकास विभाग ने ठाणे मनपा को स्पष्ट रूप से कहा है, ₹नियमानुसार कार्रवाई करें और संबंधितों को सूचित करें। ठाणे शहर में पर्यावरण के अनुकूल गणेशोत्सव के लिए कृत्रिम विसर्जन तालाबों की अवधारणा पिछले कई वर्षों से लागू की जा रही है, जो निश्चित रूप से सराहनीय है। लेकिन दुर्भाग्य से, यह समझा जाता है कि कई बार इन कृत्रिम तालाबों में पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) की मूर्तियों को बाद में खाड़ी के जल निकायों में विसर्जित कर दिया जाता है। इस संबंध में एक बयान पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिनकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र भेजा था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस पत्र को गंभीरता से लिया है। डॉ. सिनकर ने भावुक शब्दों में कहा हाल ही में नगर विकास विभाग के प्रकोष्ठ अधिकारी अनिरुद्ध गोसावी का पत्र मिला है, इसलिए इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध होगी। यह निर्णय न केवल ठाणे, बल्कि पूरे महाराष्ट्र की खाड़ियों और तटरेखाओं के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। पीओपी की मूर्तियों से होने वाला जल प्रदूषण न केवल समुद्र की जैव विविधता को नष्ट कर रहा है, बल्कि सदियों से मछली पकड़कर जीवनयापन करने वाले कोली समुदाय के पेट पर भी लात मार रहा है।

फिर भी, स्थानीय लोगों का सवाल बना हुआ है कि ₹क्या यह आदेश केवल कागज़ों तक ही सीमित रहेगा, या खाड़ी को बचाने के लिए वाकई कदम उठाएगी सरकार. गणेशोत्सव की पूर्व संध्या पर यह घटनाक्रम एक स्वागत योग्य कदम है। असली राहत तभी मिलेगी जब हर विसर्जन के बाद पानी नीला रहे, खाड़ी में फिर से जीवन गतिमान दिखे, और कृत्रिम तालाबों में मूर्तियों को वापस खाड़ी में विसर्जन की पर्यावरण के लिए हानिकारक यह प्रथा हमेशा के लिए बंद हो जाए।

# कृति सेनन ने पाली हिल में खरीदा 78 करोड़ का पेंटहाउस




बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन सफलता की बुलिंदियों पर है। नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित अदाकारा ने मुंबई में अपने नाम से हाल ही में एक नया आलीशान अपार्टमेंट खरीदा है। रिपोर्टों के मुताबिक कृति ने बांद्रा वेस्ट के सबसे पॉश इलाके, पाली हिल में एक शानदार डुप्लेक्स पेंटहाउस खरीदा है। इस पेंटहाउस की कीमत करीब 78.20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह एक सीव्यू पेंटहाउस है, जहां से अरब सागर के शानदार नजारे दिखते हैं।

इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति सेनन का नया घर 14वीं और 15वीं मंजिल पर है और करीब 6,636 स्क्वायर फीट में फैला है। इसके साथ ही टॉप फ्लोर पर 1,209 स्क्वायर फीट का ओपन टैरेस भी है, जो अरब सागर का पैनोरमिक व्यू देता है। इसके साथ कृति को 6 कार पार्किंग स्लॉट्स की एक्सक्लूसिव सुविधा भी मिली है।

रिपोर्टों के मुताबिक, कृति ने इस अपार्टमेंट को करीब 1.18 लाख रुपये प्रति स्क्वायर फीट की दर से खरीदा है। यह प्रॉपर्टी कृति सेनन और उनकी मां के नाम पर संयुक्त रूप से रजिस्टर्ड है। इसे खरीदने के लिए एक्ट्रेस ने 3.91 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई। जीएसटी और बाकी सभी चार्ज को जोड़ने पर कुल भुगतान 84.16 रुपये करोड़ से अधिक का हुआ।

# गणेश और नवरात्रि मंडलों के लिए मंडप शुल्क माफ

**ठाणे.** महाराष्ट्र में गणेश उत्सव की एक महान परंपरा है। नवरात्रि उत्सव का धार्मिक महत्व भी है। सार्वजनिक गणेश मंडल गणेश उत्सव के माध्यम से जागरूकता पैदा करने का एक बड़ा काम करते हैं।

सांसद नरेश म्हस्के ने मनपा प्रशासन से अनुरोध किया था कि देशभक्ति की भावना जगाने वाले इन सार्वजनिक मंडलों को गणेश उत्सव और नवरात्रि उत्सव के दौरान सड़कों या फुटपाथों पर अस्थायी मंडप लगाने की अनुमति दी जाए और इसके लिए कोई मंडप किराया न लिया जाए। सांसद नरेश म्हस्के के अनुरोध का सम्मान करते हुए,मनपा प्रशासन ने दोनों त्योहारों के लिए मंडलों से किराया न लेने का निर्णय लिया है।हर साथ गणेश मंडल और नवरात्रि मंडल अपने-अपने क्षेत्रों में उत्साह, भक्ति और प्रेम के साथ इस त्योहार को मनाते हैं।यह मंडल केवल उत्सव तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वर्ष भर विभिन्न जनसेवा गतिविधियाँ, समाजसेवा, रक्तदान शिविर, पर्यावरण जागरूकता और नागरिकों के लिए उपयोगी कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं। मनपा की विभिन्न गतिविधियों में भी इन मंडलों की भागीदारी बहुमूल्य है। इसलिए, सांसद नरेश म्हस्के ने मनपा आयुक्त को एक पत्र लिखकर मनपा क्षेत्र के सभी सार्वजनिक गणेशोत्सव और नवरात्रि 2025 के लिए मंडप का किराया पूरी तरह से माफ करने का अनुरोध किया था।सांसद नरेश म्हस्के के पत्र को गंभीरता से लेते हुए, आयुक्त की अनुमति से, ठाणे मनपा ने अब ठाणे के सभी सार्वजनिक निकायों को गणेशोत्सव और नवरात्रि 2025 के लिए सड़कों या फुटपाथों पर अस्थायी मंडप बनाने की अनुमति देने का निर्णय लिया है और इसके लिए कोई मंडप किराया नहीं लिया जाएगा। लिखित आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

## सप्ताह के पहले दिन रेल सेवा बाधित

**नवी मुंबई।** हफ़्ते के पहले दिन हुई भारी बारिश ने दफ़्तर जाने वालों को काफ़ी परेशान किया । रात से हो रही भारी बारिश के कारण मध्य रेलवे के कुछ स्टेशनों पर पानी भर जाने से ट्रेनें 15 से 20 मिनट की देरी से चल रही हैं। इसका असर हार्बर और ट्रांस हार्बर लाइनों पर भी पड़ रहा है, जहां ट्रेनें 10 से 15 मिनट की देरी से चल रही हैं। नतीजतन, सुबह दफ्तर जाने के लिए निकले कामकाजी वर्ग को रेलवे स्टेशन पर लंबी कतार में खड़ा होना पड़ा। कई ट्रेनें देरी से रवाना होने के कारण स्टेशनों और ट्रेनों में भारी भीड़ देखी गई।

# ऑनलाइन 'ट्रेडिंग' धोखाधड़ी में गंवाये 41 लाख रुपये




**ठाणे.** ठाणे शहर में एक ऑनलाइन 'ट्रेडिंग' योजना में निवेश करने के नाम पर दो लोगों ने 48 वर्षीय एक व्यक्ति के साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी की। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उसने सोशल मीड़िया मंच फेसबुक पर इस 'ट्रेडिंग' योजना का विज्ञापन देखा था। उसे एक व्हॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां धोखेबाज 'आईपीओ' में निवेश करने के लिए उकसाया करते थे।

पीड़ित ने इस वर्ष मई और जून महीने में कुछ बैंक खातों में 40,99,814 रुपये भेजे जिसके बाद उसके ऐसा दर्शाया गया कि उसका निवेश बढ़ कर 88,39,072 रुपये हो गया है लेकिन वह यह पैसे निकाल नहीं पाया।

वर्तक नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब धोखेबाजों ने उससे रकम की 20 प्रतिशत राशि कर के रूप में चुकाने को कहा तब व्यक्ति को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है।

पैसे वापस पाने के सभी प्रयास विफल रहने के बाद पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा। अधिकारी ने बताया कि उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) और 3(5) (साझा मंशा) के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
उल्हास वि NEWS LIVE
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe

Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099